>

Title: Need to extend services of Gujarat Queen Express (9109/9110) from Vapi to Gandhinagar in Gujarat.

श्री किसनभाई वी.पटेल (वलसाड़): गुजरात क्यून एक्सप्रेस (9109/9110) अभी वलसाड़ और अहमदाबाद के बीच चलती है । इस गाड़ी से प्रतिदिन कार्य करने वाले कर्मचारी, व्यवसायी और सरकारी दफ्तरों में कार्यवश यात्री यात्रा करते हैं । वलसाड़ से यह गाड़ी 4 बजे सुबह चलती है जिससे वापी और आसपास के यात्रियों को काफी दिक्कत होती है । उसी तरह रात में 12.30 बजे पहुंचती है जिससे इन यात्रियों को वलसाड़ स्टेशन पर ही रूकना पड़ता है । इसलिए इसका विस्तार वापी तक कर दिया जाए जिसकी दूरी मात्र 30 कि0मी0 है जिससे यात्रियों को सुविधा हो । वापी में यार्ड की भी सुविधा है। उसी तरह यह गाड़ी सुबह 10.15 बजे अहमदाबाद पहूंचती है । सभी सरकारी दफ्तर गांधीनगर में हैं क्योंकि वह राज्य की राजधानी है । मात्र 30 कि0मी0 जाने में वहां से यात्रियों को 2-3 घंटा लग जाता है और उस दिन उनका सरकारी दफ्तर का कार्य नहीं हो पाता है । सरकारी कर्मचारी भी अपने कार्यालय समय पर नहीं पहूंच पाते हैं । इसलिए इसका विस्तार गांधीनगर तक करने की अति आवश्यकता है ।

अतः मैं इस सदन के माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान इस ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ और आग्रह करता हूँ कि गुजरात क्यून एक्सप्रेस ट्रेन का विस्तार दोनों तरफ वापी और गांधीनगर कर देने की अनुमति दें ।